DDMA Una organized an Offsite Mock Drill on Industrial Disasters at Mock Drill on Industrial Disasters on 02-02-2024 at VardhmanIspatUdyog in Vill. Bathri, Tehsil Haroli, District Una. A Mock Drill, in collaboration with HPSDRF and 14thBN NDRF focusing on Industrial Disasters, took place on 02-02-2024 at VardhmanIspatUdyog in Vill. Bathri, Tehsil Haroli, District Una. Teams from concerned line departments, including Fire, Health, Police, Home Guards, and Deputy Director Factories, actively participated in this Drill.

वर्धमान इस्पात उद्योग बाथड़ी में मॉक ड्रिल

ऊना, (आपका फैसला)। एसडीआरएफ एवं 14 वीं बटालियन एसडीआरएफ के सहयोग से शुक्रवार को दोपहर 12 बजे हरोली उपमंडल तहत बाथड़ी स्थित वर्धमान इस्पात उद्योग परिसर में आपदा प्रबंधन के विषय में एक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल में आगजनी के साथ-साथ अन्य औद्योगिक आपदाओं की स्थिति को दर्शाते हुए राहत व बचाव कार्यों को व्यावहारिक अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल दोपहर 12 बजे चेतावनी सायरन के साथ आरंभ हुई। जिसके तुरंत बाद वर्धमान इस्पात उद्योग प्रबंधन द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सूचना नंबर 1077 पर सूचित किया गया। डीडीएमए, ऊना द्वारा अति शीघ्र संबंधित विभागों को सूचना दी गई। इसके पश्चात वर्धमान इस्पात उद्योग बाथड़ी के परिसर में राहत और बचाव कार्यों को अंजाम दिया गया। अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सीईओ चंद्र पाल गुप्ता ने कहा कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य लक्ष्य और उद्देश्य औद्योगिक आपदा प्रबंधन के संबंध में जिले की आपातकालीन प्रतिक्रिया और मानक संचालन प्रक्रियाओं को परखना तथा आपातकालीन सहायता कार्यों के बीच समन्वय को बढ़ाना, उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को उजागर करना था। इस अवसर पर मॉक ड्रिल में एसडीआरएफ के इंस्पेक्टर नरसीराम ठाकुर, हिप्र एसडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर एसके ठाकुर, अग्निशमन अधिकारी रितिन चौमाल, उद्योग विभाग के सहायक निदेशक सुरेंद्र नेगी, डीडीएमए से वीरेन्द्र कुमार, वर्धमान इस्पात उद्योग बाथड़ी के प्रबंधकों व कर्मचारियों के अलावा स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशमन तथा हिमाचल होम गार्ड की 12 वीं बटालियन ऊना सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

बाथड़ी में मॉक ड्रिल के दौरान घायल व्यक्ति को ले जाते जवान। फोटो : दिव्यम

आग, औद्योगिक आपदाओं से निपटने के सिखाए गुर

ऊना। एसडीआरएफ एवं 14वीं बटालियन एसडीआरएफ के सहयोग से शुक्रवार को दोपहर 12 बजे हरोली उपमंडल तहत बाथड़ी स्थित वर्धमान इस्पात उद्योग परिसर में आपदा प्रबंधन के विषय में एक मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान अधिकारी के साथ अन्य औद्योगिक आपदाओं की स्थिति को दर्शाते हुए राहत व बचाव कार्यों का व्यावहारिक अभ्यास किया गया।

मॉक ड्रिल दोपहर 12 बजे चेतावनी सायरन के साथ आरंभ हुई। इसके तुरंत बाद वर्धमान इस्पात उद्योग प्रबंधन की ओर से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सूचना नंबर 1077 पर सूचित किया गया। डीडीएमए, ऊना द्वारा अति शीघ्र संबंधित विभागों को सूचना दी गई। इसके पश्चात वर्धमान इस्पात उद्योग बाथड़ी के परिसर में राहत और बचाव कार्यों को अंजाम दिया गया। अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सीईओ चंद्र पाल गुप्ता ने कहा कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य लक्ष्य और उद्देश्य औद्योगिक आपदा प्रबंधन के संबंध में जिले की आपातकालीन प्रतिक्रिया और मानक संचालन प्रक्रियाओं को परखना तथा आपातकालीन सहायता कार्यों के बीच समन्वय को बढ़ाना, उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को उजागर करना था। इस अवसर पर मॉक ड्रिल में एसडीआरएफ के इंस्पेक्टर नरसीराम ठाकुर, हिप्र एसडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर एसके ठाकुर, अग्निशमन अधिकारी रितिन चौमाल, उद्योग विभाग के सहायक निदेशक सुरेंद्र नेगी, डीडीएमए से वीरेन्द्र कुमार, वर्धमान इस्पात उद्योग बाथड़ी के प्रबंधकों व कर्मचारियों के अलावा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पुलिस, अग्निशमन तथा हिमाचल होम गार्ड की 12 वीं बटालियन ऊना सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। राज

दैनिक सवेरा

वर्धमान इस्पात उद्योग बाथड़ी में मॉक ड्रिल

मॉक ड्रिल में भाग लेते एसडीआरएफ के जवान। (सतविन्द्र)

सवेरा न्यूज/पंकज चौपड़ा
संतोषगढ़, 2 फरवरी :

एसडीआरएफ एवं 14 वीं बटालियन एसडीआरएफ के सहयोग से शुक्रवार को दोपहर 12 बजे हरोली उपमंडल तहत बाथड़ी स्थित वर्धमान इस्पात उद्योग परिसर में आपदा प्रबंधन के विषय में एक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल में आगजनी के साथ-साथ अन्य औद्योगिक आपदाओं की स्थिति को दर्शाते हुए राहत व बचाव कार्यों का व्यावहारिक अभ्यास किया गया।

मॉक ड्रिल दोपहर 12 बजे चेतावनी सायरन के साथ आरंभ हुई जिसके तुरंत बाद वर्धमान इस्पात उद्योग प्रबंधन द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सूचना नंबर 1077 पर सूचित किया गया तथा डीडीएमए ऊना द्वारा अति शीघ्र संबंधित विभागों को सूचना दी गई। इसके पश्चात वर्धमान इस्पात उद्योग बाथड़ी के परिसर में राहत व बचाव कार्यों को व्यावहारिक रूप में अंजाम दिया गया। मॉक ड्रिल की पूरी प्रक्रिया सुचारुरूप होने के पश्चात सभी प्रतिभागी विभाग एक स्थल पर एकत्रित हुए तथा मॉक ड्रिल प्रक्रिया में की गई कार्रवाई का विस्तृत विश्लेषण किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सीईओ महेंद्र पाल गुप्ता ने कहा कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य लक्ष्य और उद्देश्य औद्योगिक आपदा प्रबंधन के सम्बन्ध में जिले की आपातकालीन प्रतिक्रिया और मानक संचालन प्रक्रियाओं की समीक्षा करना तथा जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के आपातकालीन सहायता कार्यों के बीच समन्वय को बढ़ाना, उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को उजागर करना था। इस अवसर पर मॉक ड्रिल में एसडीआरएफ के इंस्पेक्टर नरसीराम ठाकुर, हिप्र एसडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर एसके ठाकुर, अग्निशमन अधिकारी रितिन चौमाल, उद्योग विभाग के सहायक निदेशक सुरेंद्र नेगी, डीडीएमए से वीरेन्द्र कुमार, वर्धमान इस्पात उद्योग बाथड़ी के प्रबंधकों व अधिकारी के अलावा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पुलिस, अग्निशमन तथा हिमाचल होम गार्ड की 12 वीं बटालियन ऊना सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

SAT, 03 FEBRUARY 2024
EDITION: UNA-KESAR, PAGE NO. 2

बाथड़ी में आपदा प्रबंधन पर करवाई मॉक ड्रिल

5. HP SDRF Familiarization Exercise in Industrial Units of District Una on 12-01-2024.

- Indian Oil Corporation Ltd. Pekhubela, Una Terminal.
- IOCL LPG Bottling Plant, Raipur Sahora, Mehatpur.
- VardhmanIspatUdyog, Vill. Bathri, Near Tahliwal

6. **Mega Mock Exercise on Flash Flood & Landslide Organized in District Una on dated: 08.06.2023**

The effectiveness of coping with disasters depends on how prepared you are to deal with disasters. In Himachal Pradesh the most the disaster affected period is the monsoon season. As per previous experiences of Flash Floods & Landslide in different districts of Himachal Pradesh we realize the need for an Incident Response System (IRS). As per the direction from State Disaster Management Authority Shimla, District prepared an Incident Response System (IRS) at District and Sub-Divisional level. The mock drill and table top exercise will help to check the effectiveness of existing methods to coping with disasters. The objective of mock drill is to review the emergency preparedness plan of the organization and evaluate the quality of standard operating procedure, so that concerned persons would deliver their duties effectively while keeping in cognizance of life and property. When we conduct the mock drills it would be helpful for strengthening our capacity to cope with disasters and also to minimize the impacts of the disasters. The general objective of the table top exercise was to test the emergency procedures for preparedness and emergency response. The exercise was conducted to check the disaster preparedness of different departments and agencies responsible for disaster management.

District Level Coordination meeting to conduct State Level Mega Mock Exercise on Flood and Landslide, held on 05.06.2023 at DRDA Meeting Hall, DC office, Una HP

राहत और बचाव कार्य के लिए 200 लोग किए प्रशिक्षित

संवाद न्यूज एजेंसी

ऊना। जिले के सभी उपमंडलों में आठ जून को प्राकृतिक आपदा के दौरान किए जाने वाले राहत और बचाव कार्यों से संबंधित मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। भूस्खलन और बाढ़ की स्थिति को प्रदर्शित करती होने वाली इस मॉक ड्रिल में उपमंडल स्तर पर प्रशासन और सरकारी विभागों के अलावा जन सहभागिता को भी सुनिश्चित किया जाएगा।

इस संबंध में कार्यकारी उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि ऊना उपमंडल के गांव लोअर अंदौरा, बंगाणा उपमंडल के गांव अंदरौली, गगरेट उपमंडल के राजकीय उच्च विद्यालय बने दी हट्टी, हरोली उपमंडल के जगतिक चिकित्सालय हरोली और ऊना उपमंडल के इंडियन ऑयल कारपोरेशन पेखूबेला में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

राहत और बचाव कार्यों को लेकर बैठक करते कार्यकारी उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर। संवाद

महेंद्र पाल गुर्जर ने प्रशासनिक और विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपदा में बचाव और राहत कार्यों में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों और अन्य सामान की समय-समय पर मरम्मत और देखभाल करना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त आवश्यक वस्तुओं और उपकरणों के विषय में शीघ्र जिला प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न उपमंडलों में प्राकृतिक आपदा की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों के लिए करीब 200 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया है। उन्हें आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध करवाए गए हैं।

उन्होंने जिलावासियों से अपील की कि मॉक ड्रिल के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलाएं।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऊना संजीव भटिया, एसडीएम बंगाणा मनोज कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉक्टर संजीव वर्मा, उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक अंशुल भीमन, आईआरबी बनगढ़ के उपपुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राकेश कौशल और तहसीलदार हरोली सुरभि नेगी अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

TUE_06 JUNE 2023
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 2

जिला के सभी उपमंडलों में 8 को होगी मॉकड्रिल : डी.सी.

ऊना, 5 जून (सुरेंद्र): ऊना जिला के सभी उपमंडलों में 8 जून को प्राकृतिक आपदा के दौरान किए जाने वाले राहत व बचाव कार्यों से संबंधित मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। भू-स्खलन व अचानक आई बाढ़ की स्थिति को प्रदर्शित करती हुई इस मॉकड्रिल में उपमंडल स्तर पर प्रशासन व सरकारी विभागों के अलावा जन सहभागिता को भी सम्मिलित किया जाएगा। यह जानकारी कार्यकारी डी.सी. महेंद्र पाल गुर्जर ने इस संबंध में आयोजित बैठक के दौरान दी।

उन्होंने बताया कि ऊना उपमंडल के गांव लोअर अंदौरा, बंगाणा उपमंडल के गांव अंदरौली, गगरेट उपमंडल के राजकीय उच्च विद्यालय बने दी हट्टी, हरोली उपमंडल के जगतिक चिकित्सालय हरोली तथा ऊना उपमंडल के इंडियन ऑयल कारपोरेशन पेखूबेला में आपदा से संबंधित इस मॉकड्रिल को आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर ए.एस.पी. ऊना संजीव भटिया, एस.डी.एम. बंगाणा मनोज कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना डा. संजीव वर्मा, उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक अंशुल भीमन, आई.आर.बी. बनगढ़ के उप पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राकेश कौशल, तहसीलदार हरोली सुरभि नेगी के अलावा लोक निर्माण विभाग जल शक्ति विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

विभागीय अधिकारी लें मॉकड्रिल में भाग

बैठक में महेंद्र पाल गुर्जर ने प्रशासनिक व विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपदा में बचाव व राहत कार्यों के लिए इस्तेमाल होने वाले उपकरणों व अन्य सामान की समय-समय पर मुरम्मत व देखभाल करना सुनिश्चित करें तथा अतिरिक्त आवश्यक वस्तुओं व उपकरणों के विषय में अति शीघ्र जिला प्रशासन को सूचित करें ताकि किसी भी आकस्मिक आपदा की स्थिति में राहत व बचाव कार्यों में शीघ्र-प्रतिशत लाया का उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने निर्धारित दायित्व के अनुसार इस मॉकड्रिल में भाग लेना सुनिश्चित करें।

आपदा मित्रों की भागीदारी भी हो सुनिश्चित

कार्यकारी डी.सी. ने बताया कि जिला के विभिन्न उपमंडलों में प्राकृतिक आपदा की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों के लिए लगभग 200 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया है तथा उन्हें राहत व बचाव कार्यों के लिए इस्तेमाल होने वाले आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध करवाए गए हैं। उन्होंने सभी उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मॉकड्रिल में आपदा मित्रों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए।

Glimpses of State Level Mega Mock Exercise-2023

पंजाब केसरी WED,07 JUNE 2023
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 2

राहत व बचाव कार्यों के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां बताईं

ऊना में डी.डी.एम.ए. ने आपदा प्रबंधन व बचाव विषय पर आयोजित किया टेबल टॉप अभ्यास

ऊना : हिमाचल प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस टेबल टॉप अभ्यास में हिस्सा लेते कार्यकारी डी.सी. व अन्य अधिकारी। (विशेष)

ऊना, 6 जून (सुरेन्द्र): जिला मुख्यालय ऊना में आपदा प्रबंधन व बचाव के विषय में एक टेबल टॉप अभ्यास का आयोजन किया गया। हिमाचल प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस टेबल टॉप अभ्यास में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आई.आर.टी. से संबंधित सभी सदस्यों ने भाग लिया।

इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की आपदाओं के दौरान राहत व बचाव कार्यों में इस्तेमाल होने वाली विभिन्न तकनीकों तथा योजनाओं के विषय में क्रमवार चर्चा की गई।

8 जून को हिमाचल प्रदेश सहित ऊना जिले के सभी पांचों उपमंडलों में भू-स्खलन व बाढ़ की स्थिति को दर्शाते हुए आयोजित की जा रही मॉकड्रिल में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कंसल्टैंट मेजर जनरल सुधीर बाही (सेवानिवृत्त) ने वर्चुअल माध्यम से आपदा की विभिन्न परिस्थितियों बारे जानकारी दी। उन्होंने राहत व बचाव कार्यों के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों तथा योजनाबद्ध तरीके से राहत कार्यों को अंजाम देने बारे समझाया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सभी जिले भू-स्खलन तथा अचानक आने वाली बाढ़ के दृष्टिगत अत्यंत संवेदनशील हैं।

उन्होंने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि 8 जून को आयोजित की जा रही मॉकड्रिल को हल्के में न लें तथा इस दौरान गंभीरता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करें। इस अवसर पर कार्यकारी उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर, ए.सी.टू डी.सी. ऊना वीरेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऊना संजीव भाटिया, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ऊना राजेश कौशल, जिला पंचायत अधिकारी ऊना श्रवण कश्यप व हिमाचल पथ परिवहन के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश धीमान के अलावा एन.डी.आर.एफ. के अधिकारी भी उपस्थित थे।

ऊना के सभी उपमंडलों में आज आयोजित होगी मॉक ड्रिल

ऊना , (आपका फैसला)। ऊना जिला के सभी उपमंडलों में कल 8 जून को प्राकृतिक आपदा के दौरान किए जाने वाले राहत व बचाव कार्यों से संबंधित एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। भूस्खलन व अचानक आई बाढ़ की स्थिति को प्रदर्शित करती हुई इस मॉक ड्रिल में उपमंडल स्तर पर प्रशासन व सरकारी विभागों के अलावा जन सहभागिता को भी सम्मिलित किया जाएगा। यह जानकारी कार्यकारी उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने इस संबंध में आयोजित बैठक के दौरान दी। उन्होंने बताया कि ऊना उपमंडल के गांव लोअर अंदौरा, बंगाणा उपमंडल के गांव अंदरौली, गगरेट उपमंडल के राजकीय उच्च विद्यालय बने दी हट्टी, हरोली उपमंडल के नागरिक चिकित्सालय हरोली तथा ऊना उपमंडल के इंडियन ऑयल कारपोरेशन पेखूबेला में आपदा से संबंधित इस मॉक ड्रिल को अमलीजामा पहनाया जाएगा। बैठक में महेंद्र पाल गुर्जर ने प्रशासनिक व विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपदा में बचाव व राहत कार्यों के लिए इस्तेमाल होने वाले उपकरणों व अन्य सामान की समय-समय पर मुरम्मत व देखभाल करना सुनिश्चित करें तथा अतिरिक्त आवश्यक वस्तुओं व उपकरणों के विषय में अति शीघ्र जिला प्रशासन को सूचित करें ताकि किसी भी वास्तविक आपदा की स्थिति में राहत व बचाव कार्यों में शत प्रतिशत दक्षता का इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने निर्धारित दायित्व के अनुरूप इस मॉक ड्रिल में भाग लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जिला के विभिन्न उपमंडलों में प्राकृतिक आपदा की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों के लिए लगभग 200 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया है ।

NK LORRY FILLING SHED

For Mock Exercise

उपायुक्त कार्यालय, ऊना, हिमाचल प्रदेश
जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, ऊना

चेतावनी

दिनांक: 07-06-2023

जन-साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत मौसम विज्ञान केन्द्र, शिमला द्वारा आने वाले 24 घंटों में ऊना जिला के कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा व बाढ़ का पूर्वानुमान है। अतः पिछले एक दिन से लगातार वर्षा की स्थिति को देखते हुए नागरिकों को चेतावनी दी जाती है कि स्वां नदी एवं अन्य खड्डों, नालों के समीप जाने से परहेज करें, जिससे आप सुरक्षित रह सकें। जिले के किसी भी क्षेत्र में नदी, नालों और खड्डों के आस-पास अस्थायी रूप से रहने वाले लोगों से अपील की जाती है कि वह समय रहते सुरक्षित स्थानों पर चले जाएँ जिस से बरसात के दौरान होने वाले किसी संभावित खतरे से सुरक्षित रह सकें। चेतावनी जारी होते हुए भी कुछ लोग नदी नालों और खड्डों के समीप चले जाते हैं, जिससे वह स्वयं की जान जोखिम में डाल देते हैं। इसी सम्बन्ध में सभी ग्राम पंचायत प्रधानों, गैर सरकारी सगठनों, एवं नागरिकों से भी अनुरोध है कि वह इस सन्देश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएँ ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। अतः इस सुचना को मध्यनजर रखते हुए अपने-अपने क्षेत्रो में उच्च सतर्कता बनाये रखें।

किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा / घटना की स्थिति में तत्काल प्रभाव से जिला आपदा प्रबंधन परिचालन केन्द्र के दूरभाष नंबर 01975-225045, 225046, 225052,225052 एवं 1077 (टोल फ्री) पर सूचित करें।

उपायुक्त ऊना द्वारा जनहित में जारी।

अंदरोली में आज होगी मॉकड्रिल

बैठक के दौरान मौजूद एसडीएम बंगाणा व अन्य अधिकारी।

हिमाचल दस्तक ■ बंगाणा

■ एसडीएम ने बैठक में आपदा प्रबंधन के बारे की चर्चा

उपमंडल आपदा प्रबंधन समिति बंगाणा की बैठक बुधवार को एसडीएम बंगाणा मनोज कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 8 जून को होने वाली आपदा प्रबंधनक बारे एक मॉकड्रिल के बारे चर्चा की गई।

एसडीएम बंगाणा मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में 8 जून को आपदा प्रबंधन बारे एक मॉकड्रिल होने जा रही है। इसमें भू-स्खलन व बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा बैठक की गई। उन्होंने बताया कि उपमंडल बंगाणा द्वारा मॉकड्रिल अंदरोली गांव में बाबा गरीब नाथ मंदिर के समीप होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में अचानक आई बाढ़ व भू-स्खलन की चपेट में आए लोगों को रेस्क्यू करने, रहने व खाने की व्यवस्था करने, घायल लोगों को उपचार देने के आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस विभाग, फायर सर्विस, होमगार्ड, राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, जल शक्ति विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बंगाणा में आपदा प्रबंधन बारे समीक्षा बैठक संपन्न

होने वाली मॉक ड्रिल बारे बैठक करते हुए एसडीएम बंगाणा अधिकारियों संग। (सतविन्द्र)

सवेरा न्यूज/नीना बंगाणा : प्रदेश के सभी जिलों में 8 जून को होने वाली आपदा प्रबंधन बारे एक मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा बैठक उपमंडल बंगाणा में की गई। जिसमें जानकारी देते हुए एसडीएम मनोज कुमार ने बताया कि यह मॉक ड्रिल अन्दरौली गांव में बाबा गरीब नाथ मंदिर के समीप की जाएगी। बैठक में अचानक आई बाढ़ व भूस्खलन की चपेट में आए लोगों को रेस्क्यू करने, रहने व खाने की व्यवस्था करने, घायल लोगों को उपचार देने आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस विभाग, फायर सर्विस, होमगार्ड, राजसव विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, जल शक्ति विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में स्थानीय जनता को प्रैस व पंचायत के माध्यम से समय पर मॉक ड्रिल बारे अवगत कराने हेतु निर्देश दिए गए ताकि आम जनता में मॉक ड्रिल के समय किसी प्रकार का डर का माहौल उत्पन्न न हो। इस मौके पर तहसीलदार रोहित कंवर, खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र जेटली, खंड चिकित्सा अधिकारी डा.नरेश कुमार, पुलिस, होमगार्ड, विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला के समस्त उपमंडलों में आज आयोजित होगी मॉक ड्रिल

सवेरा न्यूज/राजीव भनोट ऊना ,: ऊना जिला के सभी उपमंडलों में 8 जून को प्राकृतिक आपदा के दौरान किए जाने वाले राहत व बचाव कार्यों से संबंधित एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कार्यकारी उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि उपमंडल अंब के अंतर्गत लोअर अंदौरा, उपमंडल बंगाणा के तहत अंदरौली गांव के बाबा गरीब नाथ मंदिर, उपमंडल गगरेट के राजकीय उच्च विद्यालय बने दी हट्टी, हरोली उपमंडल के नागरिक चिकित्सालय हरोली तथा ऊना उपमंडल के इंडियन ऑयल कारपोरेशन पेखूबेला में मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी।

Evacuation, Search & Rescue Operations during State Level Mock Exercise on Flash Floods at Govt.High School Bane Di Hatti, Sub Division Gagret.



Mock drill completed safely at IOCL Terminal Pekhubela

KISHORI LAL BAINS
UNA, JUNE 8

Mock drill exercise was conducted in all the five sub-divisions of district Una as part of the mock drill exercise organized at the state level. Executive Deputy Commissioner Mahendra Pal Gurjar said that the rescue and relief work in case of fire due to oil leakage at IOCL Pekhubela in subdivision Una, Baba Garib Das temple in Andrauli village of subdivision Bangana and Di Hatti built under subdivision Gagret and subdivision Amb. To deal with the situation of flash flood in Lower Andaura and under the sub-division Haroli, relief and rescue work was practiced due to the blockage of the road in the event of flash flood. After the mock exercise, the Executive Deputy Commissioner told that after mock drill, there is security and awareness among the employees and the employees start discharging their responsibilities properly. He told that through mock drill, in case of emergency, necessary systems such as ambulance, rescue team, fire brigade can reach the spot on time and carry out rescue and relief operations. He told that the awareness mock drill also boosts the morale of the employees and workers engaged in other rescue and relief operations. He told that by organizing such symbolic training programs, officers, employees and other rescue team members get information about who should be informed first in case of an accident.He informed that the mock drill was conducted safely in all the sub-divisions of the district in a phased manner.

NK LORRY FILLING SHED

पूर्वाभ्यास से कर्मचारियों में आती है जागरूकता : गुर्जर

आईओसीएल टर्मिनल पेखुबेला में सुरक्षित रूप से संपन्न हुई मॉक ड्रिल

शुक्रवार FRIDAY 9 जून 2023 | ऊना केसरी | www.punjabkesari.in | III

आई.ओ.सी.एल. टर्मिनल में आग लगने पर चलाया रैस्क्यू ऑप्रेशन

ऊना के पांचों उपमंडलों में किया मॉकड्रिल अभ्यास

बंगाणा के अंदरौली में बाढ़ से बचाव और राहत कार्यों की मॉक ड्रिल का अभ्यास

एनकाऊंटर न्यूज
ऊना/सुशील पंडित

बाढ़ से बचाव और राहत कार्यों पर करवाई मॉकड्रिल

ऊना के पांच उपमंडलों में आपदा से निपटने के लिए कर्मचारियों ने किया अभ्यास

आग लगने, बाढ़ आने पर बचाव कार्य का किया अभ्यास

स्वां में दिखाई बाढ़, मुश्किल निकाले प्रभावित

7. **Preparedness of Monsoon Season-2023 Meetingheld on 18.06.2023**

   A monsoon preparedness meeting for the year 2023 was convened under the chairmanship of the Additional Deputy Commissioner of Una. The meeting aimed to assess and enhance the district's readiness for the monsoon season, focusing on mitigating risks and minimizing potential damages. Key stakeholders discussed strategies for managing flood risks, ensuring infrastructure resilience, and coordinating emergency response efforts. The meeting underscored the importance of proactive planning and collaboration to safeguard the well-being of communities during the monsoon period.

मानसून को लेकर पंचायत स्तर पर सुरक्षित स्थान चिन्हित करें अधिकारी : ए.डी.सी.

जिला मुख्यालय में प्राकृतिक आपदा की रोकथाम के लिए समीक्षा बैठक आयोजित

[illegible]

[illegible]

जल भराव से प्रभावित क्षेत्र चिन्हित

[illegible]

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र चिन्हित

[illegible]

ये हैं भू-स्खलन संभावित क्षेत्र

[illegible]

मॉनसून सीजन के चलते एडीसी ने अधिकारियों संग बैठक कर बनाई रूपरेखा

बरसात से निपटने को प्रशासन ने कसी कमर

[illegible]

■ कहा- पुलिस अधिकारियों-होमगार्ड्स के जवानों की टीमों का जल्द से जल्द करें गठन

जलभराव से प्रभावित क्षेत्र चिह्नित

[illegible]

एनडीआरएफ टीम ने एनसीसी कैडेट्स को किया प्रशिक्षित

[illegible]

आपदा से बचने को पंचायत स्तर पर सुरक्षित स्थान करें चिह्नित : महेंद्र

मानसून से पहले प्राकृतिक आपदा की रोकथाम के लिए हुई समीक्षा बैठक, एडीसी ने दिए निर्देश, त्वरित प्रतिक्रिया टीमों का करें गठन

संवाद न्यूज एजेंसी

ऊना। आगामी मानसून के दौरान प्राकृतिक आपदा की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना की ओर से बैठक की गई। जिला मुख्यालय में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) महेंद्र पाल गुर्जर ने की। बैठक में प्राकृतिक आपदा के दृष्टिगत चिन्हित संवेदनशील स्थानों और भवनों सहित आपदा के दौरान राहत और बचाव कार्यों में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों और सामग्री की उपलब्धता के बारे में भी विस्तृत चर्चा की गई।

अतिरिक्त उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा जल से प्रभावित होने वाले संभावित स्थानों पर पानी की निकासी की उचित व्यवस्था करें। पुलिस गृहरक्षक के अधिकारी त्वरित प्रतिक्रिया टीमों का गठन करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायत स्तर पर सुरक्षित स्थानों को चिन्हित करें। आपदा से निपटने के लिए इस्तेमाल होने वाले उपकरण और अन्य सामान के मरम्मत कार्य को भी समय रहते पूरा कर लें।

मानसून के दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं। इसमें तहसील अंब के तहत नकड़ोह खड्ड, हरोली तहसील के तहत हुम खड्ड दुलैहड़, अंबोआ खड्ड (गगरेट-दौलतपुर रोड), मावा सिंधियां खड्ड (गगरेट-अंब रोड), संगनेई खड्ड (गगरेट-दौलतपुर चौक रोड) शामिल हैं।

मानसून सीजन के दौरान जलभराव से प्रभावित क्षेत्र भी चिन्हित किए गए। इसमें विधानसभा क्षेत्र ऊना के तहत मिनी सचिवालय, जिला न्यायालय, डीसी कॉलोनी वार्ड-4, प्रेम नगर, फ्रेंड्स कॉलोनी, पुराना होशियारपुर रोड लाल सिंगी, सब्जी मंडी, हिल व्यू कॉलोनी झलेड़ा, सीएचसी संतोषगढ़, मनोहर मार्केट नारी (नजदीक डेरा बाबा रूद्रा) शामिल हैं।

उपमंडल अंब के तहत मुख्य बाजार, बस अड्डा, पुलिस थाना, कुठेड़ा बैला वार्ड-8, ग्राम पंचायत ज्वार, प्राथमिक स्कूल नारी शामिल हैं।

हरोली के तहत तुती वाला पुल, देव भूमि कॉलेज, केसी कॉलेज, पंजावर और भदसाली के वार्ड-6 शामिल हैं। बंगाणा के तहत लठियाणी बाजार, भलेत और डीहर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त गगरेट उपमंडल के तहत बने दी हट्टी, दौलतपुर चौक बाजार, गगरेट वार्ड-1 और वार्ड-6 शामिल हैं। वहीं भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में ऊना-बंगाणा, लठियाणी रोड, मुबारिकपुर-चिंतपूर्णी रोड, ऊना-होशियारपुर रोड बनखंडी सहित उपमंडल अंब और बंगाणा के अन्य संपर्क मार्ग शामिल हैं।

ऊना के बचत भवन में प्राकृतिक आपदा को लेकर बैठक में मौजूद अधिकारी। -संवाद

उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर। -संवाद

स्वां नदी और सहायक खड्डों पर प्रशासन की नजर

स्वां नदी और इसकी सहायक खड्डों के किनारे रह रहे प्रवासी मजदूरों और उनके परिवारों के लिए मानसून सीजन में किसी अप्रिय घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसमें ऊना-होशियारपुर के नजदीक घालूवाल पुल का क्षेत्र विशेष रूप से शामिल है। एडीसी महेंद्र पाल ने कहा कि सभी आपदा संभावित स्थानों और भवनों में संभावित आपदा के दौरान किए जाने वाले राहत और बचाव कार्यों के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। बैठक में डीआरडीए के परियोजना अधिकारी नवीन कुमार, कृषि विभाग के उपनिदेशक कुलभूषण धीमान, उद्यान विभाग के उपनिदेशक संतोष बक्शी, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजीव शर्मा के अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

जलभराव के संभावित क्षेत्रों में पानी की निकासी का करें प्रबंध

मानसून सीजन में आपदा से निपटने के लिए बैठकों का क्रम शुरू, पुलिस होमगार्ड्स के अधिकारी त्वरित प्रतिक्रिया टीमों का गठन करें : एडीसी

जागरण संवाददाता, ऊना : मानसून सीजन आने में कुछ दिन ही बाकी हैं। दैनिक जागरण ने पहले ही एक सजग प्रहरी के रूप में अपनी जिम्मेवारी समझते हुए जिले में बरसात से होने वाले नुकसान समेत अन्य ज्वलंत विषयों को प्रमुखता से उठाया। उसके परिणामस्वरूप अब जिला प्रशासन ने मानसून सीजन में प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए बैठकों का क्रम शुरू कर दिया है।

सोमवार को जिला मुख्यालय में अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर की अध्यक्षता में मानसून के दौरान आपदा प्रबंधों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में प्राकृतिक आपदा के दृष्टिगत चिन्हित संवेदनशील स्थानों व भवनों सहित आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्यों में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों व सामग्री की उपलब्धता के बारे विस्तार से चर्चा की गई।

अतिरिक्त उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे वर्षा जल से प्रभावित होने वाले संभावित स्थानों पर पानी की निकासी की उचित व्यवस्था करें। इसके अलावा पुलिस होमगार्ड्स के अधिकारी त्वरित प्रतिक्रिया टीमों का गठन करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए पंचायत स्तर पर सुरक्षित स्थानों को चिन्हित करें, ताकि बाढ़ व भूस्खलन जैसी स्थिति में क्षेत्र वासियों को सुरक्षित स्थान उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग तथा जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए वर्षा ऋतु के दौरान किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने के लिए प्रयोग होने वाले उपकरण अन्य सामान के मरम्मत कार्य को भी समय रहते पूरा कर लें।

जागरण प्रभाव

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र चिन्हित

एडीसी ने बताया कि मानसून सीजन के दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं जिसमें तहसील अंब के तहत नकड़ोह खड्ड, हरोली तहसील के तहत हुम खड्ड दुलैहड़, अंबोआ खड्ड गगरेट-दौलतपुर रोड), मावा सिंधियां खड्ड गगरेट-अंब रोड), संगनेई खड्ड (गगरेट-दौलतपुर चैक रोड) शामिल है।

इन क्षेत्रों में जलभराव की संभावना

मानसून सीजन के दौरान जलभराव से प्रभावित क्षेत्र भी चिन्हित किए गए है जिसमें विधानसभा क्षेत्र ऊना के तहत मिनी सचिवालय ऊना, जिला न्यायालय ऊना, डीसी कालोनी वार्ड नंबर चार, प्रेम नगर, फ्रेंड्स कालोनी, पुराना होशियारपुर रोड लाल सिंगी, सब्जी मंडी, हिल व्यू कालोनी झलेड़ा, सीएचसी संतोषगढ़, मनोहर मार्केट नारी (नजदीक डेरा बाबा रुद्रानंद) शामिल है। उपमंडल अंब के तहत मुख्य बाजार, बस अड्डा, पुलिस थाना, कुठेड़ बैला वार्ड आठ, ग्राम पंचायत ज्वार का प्राइमरी स्कूल, हरोली के तहत सलोह नजदीक तुती वाला पुल, पंदुर नजदीक देव भूमि कालेज, पंडोगा नजदीक केसी कालेज, पंजावर व भदसाली के वार्ड छह शामिल है। बंगाणा के तहत लठियाणी मार्केट (फेरी चौक), भलेत व डीहर शामिल है। इसके अतिरिक्त गगरेट उपमंडल के तहत बणे दी हट्टी, दौलतपुर चैक मार्केट, गगरेट वार्ड एक व वार्ड छह शामिल है।

सोमवार को ऊना में मानसून की तैयारियों को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर • जागरण

बरसात की तैयारी अभियान के अंतर्गत दैनिक जागरण में प्रकाशित खबरें।

ये हैं भू-स्खलन संभावित क्षेत्र

भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में ऊना-बंगाणा, लठियाणी रोड, मुबारिकपुर-चिंतपूर्णी रोड, ऊना-होशियारपुर रोड बनखंडी सहित उपमंडल अंब और बंगाणा के अन्य संपर्क मार्ग शामिल है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि स्वां नदी व उसकी सहायक खड्डों के किनारे रह रहे प्रवासी मजदूरों व उनके परिवारों के लिए मानसून सीजन में अप्रिय घटना होने की संभावना रहती है जिसमें ऊना-होशियारपुर नजदीक घालूवाल पुल का क्षेत्र शामिल है। इन सभी आपदा संभावित स्थानों व भवनों में संभावित आपदा के दौरान किए जाने वाले राहत व बचाव कार्यों के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे है।

ये रहे मौजूद

बैठक में डीआरडीए के परियोजना अधिकारी नवीन कुमार, कृषि विभाग के उपनिदेशक कुलभूषण धीमान, उद्यान विभाग के उप निदेशक संतोष बख्शी, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजीव शर्मा के अलावा लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग व कई अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

8. **<u>Relief and Rehabilitation Meeting</u>**

A review meeting of the District Relief and Rehabilitation Committee in District Una was chaired by Sh. Mukesh Agnihotri, Deputy Chief Minister of Himachal Pradesh. The meeting aimed to assess the ongoing relief and rehabilitation efforts in the district, particularly in response to recent disasters or emergencies. Key stakeholders discussed strategies, challenges, and progress towards addressing the needs of affected communities. The meeting underscored the commitment of the government to ensuring effective relief and rehabilitation measures for the welfare of the people of District Una.

Deputy Chief Minister Mukesh Agnihotri inspects a damaged bridge at Badheda village in Haroli on Thursday.

Dy CM inspects work on bridges

OUR CORRESPONDENT

UNA, AUGUST 3

Deputy Chief Minister Mukesh Agnihotri today inspected the work on the Ghaluwal bridge over the Swan in Una district. Traffic had been restored on the bridge after the construction of a new retaining wall. He also visited a damaged bridge in Badheda village in Haroli and ordered its immediate re-construction.

He later presided over a district relief and rehabilitation committee meeting here. He directed the officials concerned to videograph the points where floods had damaged stone embankments along the Swan river so that technical measures could be taken to avoid the recurrence of such loss.

He said that heavy rain and floods had caused damage to public and private property, besides crops to the tune of Rs 186.83 crore. The Jal Shakti Department schemes suffered major losses to the tune of Rs 78.2 crore, while roads and bridges suffered losses of Rs 48.82 crore. Power installations suffered damage estimated at Rs 23.29 crore while standing crop on 4,606 hectares was also damaged.

Deputy Commissioner Raghav Sharma said relief amount of Rs 66.48 lakh had so far been distributed to 231 flood victims. A sum of Rs 7.56 crore had been released to the PWD and Rs 1.35 crore to Jal Shakti Department. Besides, Rs 1.55 crore had been released for repairing village link roads.

He appreciated the efforts of the officers and other employees, who risked their lives during disasters to restore power, water and road connectivity, enabling quick normalcy.

He said committees had been constituted in all districts of the state for inter-departmental coordination for relief and rehabilitation works.

ऊना में बारिश से 186.83 करोड़ का नुकसान : अग्निहोत्री

सभी अधिकारी आपसी तालमेल और तत्परता के साथ करें पुनर्वास कार्य

जिला में सड़क, पानी व बिजली की सभी योजनाएं बहाल

जिला स्तर पर पुनर्वास समिति की बैठक की अध्यक्षता करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

उना हिन्दू न्यूज ब्यूरो

ऊना/मुकेश पंडित : लोगों के कल्याण के लिए समर्पित प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास कार्य युद्धस्तर पर कर रही है तथा राहत एवं पुनर्वास कार्यों को तीव्र गति से चलाया जा रहा है। यह बात उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने डीआरडीए सभागार में जिला राहत एवं पुनर्वास समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में हुई भारी बारिश, बाढ़ व भूस्खलन के कारण हुए नुकसान का आकलन करने के लिए सभी जिलों में राहत पुनर्वास कार्यों की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय राहत एवं पुनर्वास समितियों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों के राहत एवं पुनर्वास के कार्यों को सभी अधिकारी आपसी तालमेल और तत्परता के साथ करें ताकि लोगों को शीघ्र राहत प्रदान की जा सके। उप मुख्यमंत्री ने जल शक्ति विभाग को निर्देश दिए कि वे पानी की गुणवत्ता युक्त आपूर्ति बनाए रखना सुनिश्चित करें।

उन्होंने भारी बारिश के कारण स्वां नदी में आई बाढ़ के कारण जहां नुकसान हुआ है उसकी वीडियोग्राफी करवाने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मॉनसून अभी खत्म नहीं हुआ है। भविष्य में भी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिकारी तैयार रहें। जिला के सभी अधिकारी व कर्मचारी मूलभूत सुविधाओं की बहाली के लिए दिन-रात तत्परता के साथ कार्य में जुटे हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिला में सभी सड़कें, पेयजल योजनाएं व बिजली की सुविधाएं बहाल कर दी गई हैं। इस मौके पर गगरेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक चैतन्य शर्मा, एमपी अजित सेन ठाकुर, एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, समस्त एमडीएम सहित सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

उप मुख्यमंत्री ने बातुवाल पुल का किया निरीक्षण

ऊना/मुकेश पंडित : उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जिला मुख्यालय ऊना में अपर वाहर व पुनर्वास मंत्री श्री रमेश धवाला की अध्यक्षता करने के उपरांत वह दिनेश भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुए बातुवाल पुल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि बातुवाल पुल को नुकसान लगभग में पैदा करके पुल, यातायात के लिए खोल कर दिया गया है। उन्होंने आगाह उन्होंने बरसात हुए पुल को निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपायुक्त ऊना श्री राघव शर्मा, पुलिस अधीक्षक ऊना अजित सेन, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता डी.एस. राणा सहित लोक निर्माण विभाग के ऊना अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

करोड़ रुपए का आकलन किया गया है। उन्होंने जिला में भारी बारिश से हुए नुकसान की विभागवार जानकारी ली तथा पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिला में 78.20 करोड़ रुपये का नुकसान जल शक्ति विभाग की विभिन्न योजनाओं को पहुंचा है। लोक निर्माण विभाग की सड़कों व पुलों को 48.82 करोड़, विद्युतमंडल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड को 23.29 करोड़, राष्ट्रीय ग्राम्य पेयजल प्राधिकरण को आपातिक कार्य के कारण 2.33 करोड़, वन्य जीव विभाग वर्तमान ऊना को 2.90 करोड़, सिंचाई विभाग के 13 स्थलों को 34.40 लाख रुपए, स्वास्थ्य विभाग को 13.23 करोड़ रुपए की 42 स्वास्थ्य सुविधाओं को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग को की बारिश के कारण 4.91 करोड़ रुपए की हानि पहुंची है जिसमें 4606.7 हैक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घोर परिस्थितियों में निपटने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लगे सहायता से राज्य सुदृढ़ बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान जिला में लगभग 186.83 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है उसमें बीडियोग्राफी कराने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मॉनसून अभी खत्म नहीं हुआ है। भविष्य में भी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिकारी तैयार रहें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिला में सभी सड़कें, पेयजल योजनाएं व बिजली की सुविधाएं बहाल कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के कारण जिला में 231 परिवारों को अब तक 66.48 लाख रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि आपदा से प्रभावित हुए कार्यों की पुनः मुरम्मत हेतु पीडब्ल्यूडी को 7.66 करोड़, जल शक्ति को 1.35 करोड़, स्थानीय लिंक/सड़कों के लिए 1.55 करोड़ की राशि जारी की है। उन्होंने एसडीआरएफ को निर्देश दिए कि कार्य के कारण जिला वासी को नुकसान पहुंचा है उनके मामलों शीघ्र सहायता प्रदान करेंगे।

धर्मशाला

www.hi

ऊना

जिला में सड़क, पानी व बिजली की सभी योजनाएं बहाल : उपमुख्यमंत्री

कहा- सभी अधिकारी आपसी तालमेल के साथ करें पुनर्वास कार्य

हिमाचल दस्तक। ऊना

लोगों के कल्याण के लिए समर्पित प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास कार्य युद्धस्तर पर कर रही है। राहत एवं पुनर्वास कार्यों को तीव्र गति से चलाया जा रहा है। यह बात उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने डीआरडीए सभागार में जिला राहत एवं पुनर्वास समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

स्वां नदी में आई बाढ़ के कारण हुए नुकसान की होगी वीडियोग्राफी

उन्होंने कहा कि प्रदेश में हुई भारी बारिश, बाढ़ व भूस्खलन के कारण हुए नुकसान का आकलन करने के लिए सभी जिलों में राहत पुनर्वास कार्यों की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय राहत एवं पुनर्वास समितियों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों के राहत एवं पुनर्वास के कार्यों को सभी अधिकारी आपसी तालमेल और तत्परता के साथ करें ताकि लोगों को शीघ्र राहत प्रदान की जा सके। उप मुख्यमंत्री ने जल शक्ति विभाग को निर्देश दिए कि वे पानी की गुणवत्ता युक्त आपूर्ति बनाए रखना सुनिश्चित करें।

उन्होंने भारी बारिश के कारण स्वां नदी में आई बाढ़ के कारण जहां नुकसान हुआ है उसकी वीडियोग्राफी करवाने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मॉनसून अभी खत्म नहीं हुआ है। भविष्य में भी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिकारी तैयार रहें। जिला के सभी अधिकारी व कर्मचारी मूलभूत सुविधाओं की बहाली के लिए दिन-रात तत्परता के साथ कार्य में जुटे हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिला में सभी सड़कें, पेयजल योजनाएं व बिजली की सुविधाएं बहाल कर दी गई हैं। इस मौके पर गगरेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक चैतन्य शर्मा, एमपी अजित सेन ठाकुर, एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, समस्त एमडीएम सहित सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

मॉनसून के कारण 186.83 करोड़ के नुकसान का आकलन

डिप्टी सीएम ने बताया कि भारी मॉनसून के दौरान जिला में 186.83 करोड़ का आकलन किया है। उन्होंने जिला में बारिश से हुए नुकसान की जानकारी ली। लोकनिर्माण की सड़कों व पुलों को 48.82 करोड़, प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड को 23.29 करोड़, राष्ट्रीय ग्राम्य पेयजल प्राधिकरण को आपातिक कार्य के कारण 2.33 करोड़ का नुकसान पहुंचा है।

231 परिवारों को 66.48 लाख की आर्थिक सहायता दी

डीसी ने बताया कि भारी वर्षा के कारण प्रभावित हुए 231 परिवारों को अब तक 66.48 लाख रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि आपदा से प्रभावित हुए कार्यों की पुनः मुरम्मत हेतु पीडब्ल्यूडी को 7.66 करोड़, जल शक्ति को 1.35 करोड़, स्थानीय लिंक/सड़कों के लिए 1.55 करोड़ की राशि जारी की है। उन्होंने एसडीआरएफ को निर्देश दिए कि कार्य के कारण जिला वासी को नुकसान पहुंचा है उनके मामलों शीघ्र सहायता प्रदान करेंगे।

1. **FireSafetyMeasures**

करमाली में आपदा प्रबंधन पर किया जागरूक

बंगाणा (ऊना)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत करमाली में सोमवार को आपदा प्रबंधन पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कंपनी कंमाडर हंस राज की अध्यक्षता में लोगों को आपदा के समय करने वाले बचाव कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में गृह रक्षा वाहिनी बंगाणा की ओर से मॉक ड्रिल भी की गई, जिसके माध्यम से लोगों को भूकंप से बचाव, बाढ़ में दूसरे घायलों को प्राथमिक सहायता देना, प्राकृतिक आपदा में सहायता, नशा से बचे रहने और आग से बचाव के बारे जानकारी दी गई। संवाद

करमाली पंचायत में आपदा प्रबंधन संबंधित एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय लोग। सतविन्द्र लठ्।

सवेरा न्यूज/नीना बंगाणा, : उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की ग्राम पंचायत करमाली में सोमवार को एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके तहत आपदा प्रबन्धन बारे स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों सहित अन्य गांव वासियों को जागरुक किया गया। 12/3 कम्पनी कंमाडर हंस राज की अध्यक्षता में गृह-रक्षा बंगाणा द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में मॉक ड्रिल में भूकम्प से बचाव, वाढ़ से दूर से घायलों को प्राथमिक सहायता देना, प्राकृतिक आपदा में सहायता, व नशा बचाब रहने बारे बारे व आग से बचाव के बारे गृह-रक्षा कंपनी बंगाणा की टीम द्वारा बताया गया। इस मौके पर करमाली पंचायत की प्रधान दर्शना ठाकुर सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों सहित गृह रक्षक अजय ठाकुर, राकेश कुमार, टिक्का खान सहित सहित अन्य गांव वासियों ने भाग लिया व जानकारी हासिल की।

FamiliarizationExerciseof NDRF-2023

14th Battalion NDRF team carried out the familiarization exercise in Una District from 04th to 16thDecember2023. The purpose of this exercise is to conducting awareness/ capacity building programme for community/studentsindistrictUnaandconductingareafamiliarizationandcollectinginformationpertainingtovulnerabilityprofileof thedistrict.

Visit Schedule/Tour Programme

Familiarization Exercise of NDRF 14th BN in District Una (HP)

(w.e.f. 04th December to 16th December, 2023)

Sr. No.	*Sub Division*	*Date of Visit*	*Event/ Programme*

1	District HQ	04.12.2023	Arrival at the District Headquarter Una and meeting with District Magistrate at 11:00 AM and District Disaster Management Officials and collecting information pertaining classification of bridges, inventory resources, vulnerable areas and studies about last five years incidents/ disaster of the District.
2	Haroli	05.12.2023	Govt. Sr. Sec. School, Haroli, Tehsil Haroli at 10:00 AM (Conducting Awareness and Capacity Building Programme for Students/ Staff)
		06.12.2023	Indus International University, Bathu,TehsilHaroliat 10:00 AM (Conducting Awareness and Capacity Building Programme for Students/ Staff)
3	Gagret	07.12.2023	Govt. Sr. Sec. School, Ambota, at 10:00 AM (Conducting Awareness and Capacity Building Programme for Students/ Staff)
		08.12.2023	Dr. B. R. Ambedkar, Govt. Polytechnic Ambota, Village Ambota, Tehsil Ghanariat 10:00 AM (Conducting Awareness and Capacity Building Programme for Students/ Staff)
4	Amb	09.12.2023	Mata ShriChintpurni Temple, Tehsil Amb at 10:00 AM (Collecting Information Pertaining to Vulnerability Profile)
		11.12.2023	Govt. Sr. Sec. School, Amb, Tehsil Amb at 10:00 AM (Conducting Awareness and Capacity Building Programme for Students/ Staff)
5	Bangana	12.12.2023	Govt. Sr. Sec. School, Bangana, Tehsil Bangana at 10:00 AM (Conducting Awareness and Capacity Building Programme for Students/ Staff)

		13.12.2023	GovindSagar Lake at Sub Tehsil Bihru (Drowning incidents prone area, familiarization and collecting information pertaining to vulnerability profile)at 10:30 AM
6	Una	15.12.2023	Indian Oil Corporation Ltd. Village Pekhubela, Tehsil Una at 10:00 AM (Meeting with Management Officials about Vulnerability profile of MAH Unit)
		16.12.2023	IOCL, Indane Bottling Plant, Village Raipur Sahoran, Mehatpur,Tehsil Una at 10:00 AM (Meeting with Management Officials about Vulnerability profile of MAH Unit)

Glimpses of Familiarization Exercise

Glimpses of a Familiarization Exercise (FAMEX 2023) of NDRF 14th BN in District Una w.e.f 04.12.23 to 16.12.2023.

जकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरोली

FIRE WATER TANK
CAPACITY-2000

Media Coverage

पंजाब केसरी SAT,25 NOVEMBER 2023
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 2

एन.डी.आर.एफ. टीम 4 से 16 दिसम्बर तक करेगी सामुदायिक अभ्यास

जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डी.सी. राघव शर्मा ने दी जानकारी

ऊना, 24 नवम्बर (सुरेन्द्र): प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं से बचाव बारे जागरूक करने के लिए 4 से 16 दिसम्बर तक जिले के विभिन्न स्थानों पर 14वीं बटालियन की एन.डी.आर.एफ. टीम द्वारा सामुदायिक अभ्यास करवाया जाएगा।

जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डी.सी. राघव शर्मा ने बताया कि एन.डी.आर.एफ. की टीम द्वारा 4 दिसम्बर को जिला मुख्यालय पर जिला आपदा प्रबंधन के अधिकारियों के साथ बैठक कर पुलों, इन्वैंटरी संसाधनों और जिले में पिछले 5 वर्षों में हुई प्राकृतिक एवं अप्राकृतिक घटनाओं से संबंधित जानकारी एकत्रित की जाएगी।

इसी कड़ी में 5 दिसम्बर को हरोली स्कूल और 6 दिसम्बर को इंडस इंटरनैशनल यूनिवर्सिटी बाथू में प्रात: 10 बजे छात्रों व कर्मचारियों के लिए जागरूकता और क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। एन.डी.आर.एफ. की टीम उपमंडल गगरेट के तहत 7 दिसम्बर को अंबोटा स्कूल और 8 दिसम्बर को प्रात: 10 बजे डा. बी.आर. अम्बेदकर राजकीय पॉलिटैक्नीक अंबोटा में छात्र/कर्मचारियों के लिए जागरूकता और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करेगी।

डी.सी. ने बताया कि एन.डी.आर.एफ. की टीम द्वारा उपमंडल अम्ब के तहत 9 दिसम्बर को प्रात: 10 बजे माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में असुरक्षित प्रोफाइल से संबंधित जानकारी एकत्रित करेगी। 11 दिसम्बर को रा.व.मा.पा. अम्ब में प्रात: 10 बजे छात्र/कर्मचारियों के लिए जागरूकता और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करेगी।

एन.डी.आर.एफ. की टीम उपमंडल बंगाणा के तहत 12 दिसम्बर को बंगाणा स्कूल में प्रात: 10 बजे छात्र/कर्मचारियों के लिए जागरूकता और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करेगी तथा 13 दिसम्बर को प्रात: 10.30 बजे गोबिंद सागर झील पर डूबने वाले संभावित क्षेत्रों और असुरक्षित प्रोफाइल की जानकारी एकत्रित करेगी। 15 दिसम्बर को प्रात: 10 बजे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड पेखूबेला में स्थानीय प्रबंधन अधिकारियों के साथ असुरक्षित प्रोफाइल बारे बैठक करेंगे। इसके अतिरिक्त 16 दिसम्बर को प्रात: 10 बजे आई.ओ.सी.एल., इंडेन बॉटलिंग प्लांट रायपुर सहोड़ा में स्थानीय प्रबंधन अधिकारियों के साथ असुरक्षित प्रोफाइल बारे बैठक करेंगे।

पंजाब केसरी TUE,12 DECEMBER 2023
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 2

विद्यार्थियों को बताए आपदा से बचने के उपाय

अम्ब स्कूल में डिजास्टर मैनेजमैंट पर कार्यशाला आयोजित

अम्ब, 11 दिसम्बर (अश्विनी): एन.डी.आर.एफ. की 14वीं वाहिनी द्वारा राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अम्ब में डिजास्टर मैनेजमैंट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एन.डी.आर.एफ. के जवानों ने विद्यार्थियों को विभिन्न तरह की आपदाओं से बचने के उपाय स्वयं करके दिखाए।

विद्यार्थियों को बताया कि आग लगने पर कैसे बचना और दूसरे को बचाना है, अगर कोई बच्चा सिक्का व पत्थर आदि निगल लेता है और उसके गले में फंस जाता है, अगर किसी को हार्ट अटैक आ जाता है, सांप के काटने पर तुरंत क्या-क्या उपचार किया जा सकता है के बारे में बताया। विद्यालय डिजास्टर कमेटी नोडल ऑफिसर डी.पी. अमरजीत ने भी विद्यार्थियों को आपदाओं से बचने का प्रशिक्षण दिया।

प्रधानाचार्य विनोद बन्याल ने एन.डी.आर.एफ. के जवानों का विद्यालय में आकर महत्वपूर्ण जानकारियां देने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी युवा पीढ़ी इन आपदाओं से निपटने के लिए सक्षम हो जाएगी तो हमारा समाज और देश सुरक्षित हो जाएगा। कार्यक्रम में स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

अम्ब : अम्ब स्कूल में डिजास्टर मैनेजमैंट पर आयोजित कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देते हुए एन.डी.आर.एफ. की 14वीं वाहिनी के जवान। (अश्विनी)

पंजाब केसरी THU,07 DECEMBER 2023
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 2

इंडस इंटरनैशनल यूनिवर्सिटी में महत्वपूर्ण परिचय अभ्यास आयोजित

ऊना, 6 दिसम्बर (सुरेन्द्र): आपदा तैयारियों और प्रतिक्रिया को बढ़ाने के उद्देश्य से एक सक्रिय उपाय में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (14वीं बी.एन. एन.डी.आर.एफ. नूरपुर, जसूर, कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश) ने इंडस इंटरनैशनल यूनिवर्सिटी में एक व्यापक परिचय अभ्यास आयोजित किया। यह अभ्यास न केवल एन.डी.आर.एफ. के लिए, बल्कि कार्मिकों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए भी सीखने का अनुभव साबित हुआ। इंस्पैक्टर अमर उज्जैन की अध्यक्षता में 15 सदस्यों की टीम में सब इंस्पेक्टर अनिल सिंह, हैड कांस्टेबल संदीप सिंह, मोहम्मद उमर शमीम, रवि शंकर, अनिल कुमार, गुलजार, विनय कुमार, प्रमेहश्वर, अजय कुमार, अभय व मुकेश आदि शामिल हैं। आपदा के दौरान प्रयुक्त एन.डी.आर.एफ. के यांत्रिक उपकरणों के साथ आई.आई.यू. का दौरा किया। दिनभर चले इस कार्यक्रम में एन.डी.आर.एफ. टीमों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिन्होंने विभिन्न आपदा परिदृश्यों से निपटने में अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया। भूकंप सिमुलेशन से लेकर बाढ़ प्रतिक्रिया अभ्यास तक छात्रों को संकट के समय एन.डी.आर.एफ. द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान की।

इंडस इंटरनैशनल यूनिवर्सिटी ने हमेशा अपने छात्रों की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता दी है। एन.डी.आर.एफ. के साथ सहयोग इस प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में कार्य करता है। इंडस इंटरनैशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति डा. संजय कुमार बहल ने शैक्षणिक संस्थानों के साथ जुड़ने में एन.डी.आर.एफ. के सक्रिय दृष्टिकोण के लिए सराहना व्यक्त की।

ऊना : एन.डी.आर.एफ. द्वारा इंडस इंटरनैशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कुलपति डा. संजय कुमार बहल के साथ अन्य। (विनोद)

IMPLEMENTATION OFTHESTATE / NATIONAL LEVEL SCHEMES

